NYSED.gov

NYSESLAT माता-पिता सूचना विवरणिका

HINDI

आपका स्वागत है! द्विभाषी शिक्षा और दुनिया भाषाओं (OBEWL) के न्यूयॉर्क राज्य शिक्षा विभाग (NYSED) के कार्यालय का मिशन है कि वह अंग्रेजी भाषा शिक्षार्थियों (ELLs) / बहुभाषी शिक्षार्थियों (MLLs) सहित सभी न्यूयॉर्क राज्य (NYS) छात्रों को उच्चतम स्तर की शैक्षिक सफलता और भाषा प्रवीणता को पाना सुनिश्चित करे। हम प्रयास करते हैं कि यह सुनिश्चित करें कि सभी छात्रों के व्यक्तिगत शैक्षिक रास्तों और सामाजिक- भावनात्मक जरूरतों को कई भाषाओं में पूरा किया जाए ताकि यह उन्हें कॉलेज और कैरियर तत्परता करने के लिए अग्रणी करे। हर साल आपके बच्चे को भाषा में प्रवीणता मूल्यांकन के लिए,न्यूयॉर्क राज्य का अंग्रेजी एक दूसरी भाषा उपलब्धि टेस्ट (NYSESLAT) दिया जाता है ।

परिचय

NYSESLAT उन सभी छात्रों को दिया जाता है जो अंग्रेजी भाषा सीखने वालों के लिए न्यूयॉर्क राज्य पहचान टेस्ट (NYSITELL) से ELL / MLL के रूप में पहचाने जाते हैं।. NYSESLAT के प्रयोजन के सालाना न्यूयॉर्क राज्य के स्कूलों में ग्रेड K -12 में दाखिला लिये ELLs / MLLs की अंग्रेजी भाषा में प्रवीणता के स्तर का आकलन करने के लिए है। परीक्षा राज्य , स्कूलों , अभिभावकों और शिक्षकों को ELLs / MLLs के अंग्रेजी भाषा के विकास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देती है।

NYSESLAT कब दिया जाता है?

NYSESLAT आमतौर पर अप्रैल और मई के दौरान वसंत में दिया जाता है।

किस प्रकार के प्रश्न छात्रों से पूछे जाएंगे ?

NYSESLAT में बहु विकल्प, लघु लिखित प्रतिक्रिया, लंबे लिखित प्रतिक्रिया, और मौखिक प्रतिक्रिया के सवाल अंग्रेजी में सुनने, बोलने, पढ़ने, और लिखने के लिए शामिल हैं। आपके बच्चे को परीक्षण के सभी भागों को ले लेना चाहिए। NYSESLAT पर सवाल आपके बच्चे को कक्षा में होने वाली गतिविधियों और कार्यों के प्रकार के अनुभव को दर्शाते हैं।

NYSESLAT का कौन प्रबंध करता है ?

NYSESLAT का प्रबंध न्यूयॉर्क राज्य के योग्य शिक्षकों द्वारा किया जाता है.

मैं अपने बच्चे के NYSESLAT स्कोर की एक प्रतिलिपि कैसे प्राप्त कर सकता हूँ ?

स्कूल आपको एक NYSESLAT स्कोर रिपोर्ट प्रदान करेगा जोकि आपके बच्चे के अंग्रेजी भाषा के विकास की प्रगति के बारे में आपको विशेष जानकारी देगी।

2015-2016 स्कूल वर्ष और उससे आगे के लिए अंग्रेजी भाषा में प्रवीणता स्तर क्या हैं?

छात्रों के बीच और अधिक भेदभाव की अनुमति देने के लिए अंग्रेजी भाषा में प्रवीणता को चार से पांच प्रवीणता के स्तर से स्थानांतरित कर दिया गया है।:



WHAT DO THE ENGLISH PROFICIENCY LEVELS MEAN?

A description of the NYSESLAT Proficiency Levels is provided in the table below.

स्तर	अंग्रेजी भाषा में प्रवीणता स्तर का विवरण	
प्रवेश (आरम्भ)	प्रवेश स्तर पर एक छात्र अपने शैक्षिक भाषा कौशल को अग्रिम करने के लिए समर्थन और संरचना पर महान निर्भर करता है और उसे इस स्तर के विभिन शैक्षिक संदर्भों (setting) में अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रदर्शित करने के लिए आवश्यक भाषाई मांगों को पूरा करना अभी बाकी है।	**ELL सेवाओं के लिए पात्र**
उभरते (निम्न मध्यवर्ती)	उभरते स्तर पर एक छात्र अपने शैक्षिक भाषा कौशल को अग्रिम करने के लिए समर्थन और संरचना पर कुछ निर्भर करता है और उसे इस स्तर के विभिन शैक्षिक संदर्भों (settings) में अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रदर्शित करने के लिए आवश्यक भाषाई मांगों को पूरा करना अभी बाकी है।	
संक्रमण (मध्यवर्ती)	संक्रमण स्तर पर एक छात्र अपने शैक्षिक भाषा कौशल को अग्रिम करने के लिए कुछ स्वतंत्रता दर्शाता है , परन्तु उसे इस स्तर के विभिन शैक्षिक संदर्भों (settings) में अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रदर्शित करने के लिए आवश्यक भाषाई मांगों को पूरा करना अभी बाकी है।	
विस्तृत होना (उन्नत)	विस्तृत स्तर पर एक छात्र अपने शैक्षिक भाषा कौशल को अग्रिम करने के लिए महान स्वतंत्रता दर्शाता है और वह इस स्तर के विभिन शैक्षिक संदर्भों (settings) में अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रदर्शित करने के लिए आवश्यक भाषाई मांगों को पूरा करने जा रहा है।	
प्रभावशाली (प्रवीण)	प्रभावशाली स्तर पर एक छात्र ने कई किस्म के शैक्षिक संदर्भों (सेटिंग) में अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रदर्शित करने के लिए आवश्यक भाषाई मांगों को पूरा कर लिया है। इस स्तर पर एक छात्र अब एक ELL छात्र नहीं माना जाता, लेकिन पूर्व ELL सेवाओं को दो साल तक प्राप्त करने का हकदार है।	ELL सेवाओं के लिए पात्र नहीं

यदि मेरे बच्चे की एक IEP है, तो क्या NYSESLAT के दौरान उसे अनुमत परीक्षण सहूलते प्राप्त हैं ?

हाँ, ELLs छात्र जिनके पास व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम (IEPs) है उनको NYSESLAT लेने के दौरान परीक्षण सहूलतें प्रदान की जाती हैं । अपने बच्चे के शिक्षक से बात करें यह विशेष जानकारी प्राप्त करने के लिए कि आपका बच्चा किन-किन सहूलतों का हकदार है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया देखें: http://www.p12.nysed.gov/assessment/nyseslat/

मेरा बच्चा एक ELL / MLL के रूप में क्या-क्या सेवाऐं पाने का हकदार है ?

आपका बच्चा द्विभाषी शिक्षा (संक्रमणकालीन या दोहरी भाषा) और / या अंग्रेजी एक नई भाषा (ENL) के रूप में सेवाओं का हकदार है। आपके बच्चे का प्रवीणता का स्तर निर्धारित करता है कि वह कितने मिनट पक्ष सेवाएं (कक्षा समय) प्रत्येक सप्ताह प्राप्त करेगा । प्रवीणता के स्तर के अनुसार विशिष्ट मिनट के लिए नीचे दिय गया चार्ट देखें।

स्तर	ग्रेड K-8 प्रति सप्ताह ENL अनुदेश के मिनट	ग्रेड 9-12 प्रति सप्ताह ENL अनुदेश के मिनट *	द्विभाषी कार्यक्रम में छात्र
प्रवेश (आरम्भ)	360 मिनट	540 मिनट	• 1घर की भाषा कला पाठ्यक्रम • न्यूनतम 2 द्विभाषी सामग्री क्षेत्र विषय
उभरते (निम्न मध्यवर्ती))	360 मिनट	360 मिनट	• 1घर की भाषा कला पाठ्यक्रम • न्यूनतम 2 द्विभाषी सामग्री क्षेत्र विषय
संक्रमण (मध्यवर्ती)	180 मिनट	180 मिनट	• 1घर की भाषा कला पाठ्यक्रम • न्यूनतम 1 द्विभाषी सामग्री क्षेत्र विषय
विस्तृत होना (उन्नत)	180 मिनट	180 मिनट	• 1घर की भाषा कला पाठ्यक्रम • न्यूनतम 1 द्विभाषी सामग्री क्षेत्र विषय
प्रभावशाली (प्रवीण)	प्रभावशाली स्तर पर एक छात्र ने कई किस्म के शैक्षिक संदर्भो (सेटिंग) में अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रदर्शित करने के लिए आवश्यक भाषाई मांगों को पूरा कर लिया है। इस स्तर पर एक छात्र अब एक ELL छात्र नहीं माना जाता, लेकिन पूर्व ELL सेवाओं को दो साल तक प्राप्त करने का हकदार है।		

* ENL अनुदेश का एक हिस्सा एक एकीकृत विषय क्षेत्र कक्षा के माध्यम से हो सकता है।

पूर्व ELL सेवाएं क्या हैं?

एक छात्र के प्रभावशाली (प्रवीण) स्तर तक पहुँच जाने के बाद, वह छात्र अब एक ELL नहीं माना जाता है और ELL सेवाओं के लिए पात्र नहीं है, लेकिन पूर्व ELL सेवाओं के लिए पात्र है।पूर्व ELL सेवा में एकीकृत ENL, ELA / कोर विषय क्षेत्र में प्रति सप्ताह अध्ययन के 0.5 यूनिट, या दो अतिरिक्त वर्षों के लिए अन्य अनुमोदित पूर्व ELLसेवाएं शामिल हैं। इन छात्रों को व्यक्तिगत सीखने का समर्थन और शैक्षणिक परिणामों में सुधार करने के लिए भाषा और शैक्षिक प्रगति को मापने के आकलन, प्राप्त करना जारी रहना चाहिए।

मैं अपने बच्चे को कैसे NYSESLAT की तैयारी करने में मदद कर सकता हूँ ?

माता-पिता छात्रों को NYSESLAT के लिए तैयार करने में मदद करने के लिए कई चीजें कर सकते हैं। यहाँ कुछ सुझाव हैं:

- अपने बच्चे को पर्याप्त नींद, और प्रत्येक परीक्षा सत्र से पहले एक संतुलित पोषण भोजन खाना सुनिश्चित करें।.
- परीक्षण के बारे में सकारात्मक प्रोत्साहन और आश्वासन प्रदान करें क्योंकि यह आपके बच्चे के टेस्ट स्कोर को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।
- अपने बच्चे के साथ परीक्षण के अनुभव के बारे में कोई भी और सभी प्राप्त जानकारी पढ़ें और उसकी समीक्षा करें।
- अपने बच्चे को आश्वस्त करें कि यह आकलन उसके या उसकी अंग्रेजी भाषा के विकास को मापने के लिए है।

विशिष्ट समर्थन और सिफारिशों में सक्षम होने के लिए, जोकि आप अपने बच्चे को घर पर प्रदान कर सकते हो, अपने बच्चे की कक्षा और अंग्रेजी एक नई भाषा के रूप में/ अंग्रेजी एक दूसरी भाषा के रूप में (ENL / ईएसएल) या द्विभाषीय शिक्षक के साथ मिलो और मिलकर काम करो।

अतिरिक्त संसाधन और सहायता

NYSESLAT के बारे में जानकारी पाई जा सकती है http://www.p12.nysed.gov/assessment/nyseslat/ और https://www.engageny.org/resource/spring-2015-nyseslat-resources पर। यदि आपको अपने बच्चे के अंग्रेजी भाषा में प्रवीणता के स्तर के बारे में आगे प्रश्न हैं तो, emscassessinfo@nysed.gov से संपर्क करें या 518-474-5902 पर कॉल करें। द्विभाषी / ENL सेवाओं के संबंध में प्रश्न 518-474-8775 पर फोन करके या obefls@nysed.gov पर ई- मेल के माध्यम से द्विभाषी शिक्षा और दुनिया भाषाओं (OBEWL) के कार्यालय को निर्देशित किये जा सकते हैं।

ELL सेवाओं के बारे में सवालों और चिंताओं के लिए संपर्क करें

nysparenthotline@nyu.edu

ELL Parent Hotline: (800) 469-8224

अतिरिक्त प्रश्न?

कृपया प्रश्न या टिप्पणी द्विभाषी शिक्षा और दुनिया भाषाओं के कार्यालय के लिए भेजें:

OBEFLS@nysed.gov

Or call: 718-722-2445

NYSESLAT के बारे में अधिक जानकारी के लिए जाएं

http://www.p12.nysed.gov/assessment/nyseslat/ पर

NYSED.gov